SPOKEN TUTORIA
(Video Conferencing)

SPOKEN TUTORIAL
(Video Conferencing)

OKEN TUTORIAL
(Video Conferencing)

डिजिटल इंडिया और कौशल विकास को सार्थक कर रहा ऑनलाइन स्पोकन टुटोरिअज कोर्स

अम्बेडकरनगर(स्पष्ट आवाज)। रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अकरबपुर में शनिवार को मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार और आईआईटी मुम्बई से संचालित स्पोकन टुटोरिअल प्रोजेक्ट के अंतर्गत उ0प्र0 की कार्यकारी अधिकारी श्रीमती वर्षा दंड ने लाइव वेब वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये छात्राओं को ऑनलाइन सॉफ्टवेयर प्रशिक्षण से संबंधित जानकारी देकर उनको अधिक संख्या में नामांकन कराकर सरकार की इस योजना का लाभ उठाने पर जोर दिया। उन्होंने छात्राओं को पाठ्यक्रम पूरा करने के पश्चात ऑनलाइन परीक्षा और इससे जुड़े कठिनाईयों को दूर करने के उपाय बताते हुए प्रमाण-पत्र प्राप्त करने की भी जानकारी दी और कहा कि डिजिटल इंडिया के साथ कौशल विकास को बढ़ाने में ऑनलाइन टुटोरिअल पाठ्यक्रम पूरे देश में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस दौरान इस कोर्स में पंजीकृत स्नातक और स्नातकोत्तर छात्राओं के अतिरिक्त महाविद्यालय के स्पोकन टुटोरिअल समन्वयक डॉ0 महेन्द्र प्रकाश, सह-समन्वयक डॉ0 आनंद कुमार, डॉ0 सुधा, डॉ0 संगीता, डॉ0 संजीव, डॉ0 राजेश कुमार एवं अन्य उपस्थित रहे।